

# नई सड़क बनने से 4 किमी का फेर होगा कम

**कुलामड़ी रोड से बड़ी पहाड़िया तक बन रही है सड़क**



**मदन शर्मा**

**नर्मदापुरम,23 मई. मीनाक्षी चौक के ट्रैफिक दबाव को कम करने और बाहरी क्षेत्रों से आवागमन को आसान बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है. कुलामड़ी रोड से बड़ी पहाड़िया तक बनने वाली नई सड़क का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है. इस सड़क के बन जाने से शहर के भीतर वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और लोगों का समय तथा ईंधन दोनों बचेंगे.**

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही यह सड़क लगभग 1.4 किलोमीटर लंबी होगी, जो सीधे इटारसी रोड को बड़ी पहाड़िया के पास जोड़ने का काम करेगी. विभाग ने सड़क निर्माण का लक्ष्य मानसून शुरू होने से पहले पूरा करने का रखा है. लेकिन बिजली के पोल अभी हट नहीं पाए है जिन्हें हटाने का काम जारी है. इस सड़क का निर्माण करीब 4.5 करोड़ की लागत से हो रहा हैं.निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क की बेस तैयारी, सीसी रोड निर्माण और शोल्डर तैयार करने का काम तेज गति से किया जा रहा है.

इस नई सड़क के शुरू होने के बाद चक्कर रोड चौराहा से कुलामड़ी रोड़ होते हुए रसूलिया जाने वाले लोगों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा. अभी वाहन चालकों को शहर के अंदर से होकर जाना पड़ता है, जिससे समय अधिक लगता है और ट्रैफिक दबाव भी बढ़ता है. लेकिन सड़क बनने के बाद वाहन सीधे जेल रोड से बड़ी पहाड़िया होते हुए कुलामड़ी रोड था चक्कर रोड़ पिपरिया मार्ग तक पहुंच सकेंगे. इससे करीब 4 किलोमीटर का फेर कम हो जाएगा.

इस परियोजना का सबसे बड़ा फायदा उन वाहनों को मिलेगा जो रसूलिया रेलवे ओवर ब्रिज की ओर से आते हुए पिपरिया और भोपाल की ओर जाते हैं.अभी इन वाहनों को शहर के व्यस्त हिस्सों या बायपास से गुजरना पड़ता है, लेकिन नई सड़क बनने के बाद उन्हें वैकल्पिक और छोटा मार्ग मिल जाएगा. इससे शहर के प्रमुख ट्रैफिक पॉइंट मीनाक्षी चौक पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सड़क बनने से शहर के विकास को नई गति मिलेगी. खासकर कुलामड़ी रोड़, बड़ी पहाड़िया और चक्कर रोड़ के आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा. साथ ही भारी वाहनों का दबाव शहर के अंदर कम होने से ट्रैफिक जाम की समस्या में भी राहत मिलने की उम्मीद है.

**इनका कहना है .**

पीडब्ल्यूडी एसडीओ अमोद दुरापे का कहना है कि सड़क 10 मीटर चौड़ी सीमेंट कंक्रीट (सीसी) रोड बनाई जा रही है .सड़क के दोनों ओर 1.5-1.5 मीटर चौड़े शोल्डर भी तैयार किए जा रहे हैं, ताकि बड़े वाहनों की आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो और सड़क सुरक्षा बेहतर बनी रहे . विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी कर कार्य एजेंसी को सौंप दिया गया है . हालांकि अभी बिजली के पोल हटाने का काम भी चल रहा हैं . इस सड़क की लागत करीब साढ़े चार करोड़ रुपए हैं .

# रेलवे कर्मचारी परिषद ने किया प्रदर्शन



**30 हजार पद समाप्त करने के प्रस्ताव का विरोध**

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 23 मई. पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद (पीएमआरकेपी) की इटारसी शाखा द्वारा रेलवे बोर्ड के उस प्रस्ताव के विरोध में शनिवार को धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे के लगभग 30 हजार महत्वपूर्ण पदों को समाप्त करने की बात कही गई है.**

परिषद ने इस निर्णय को रेल कर्मचारियों, श्रमिक वर्ग एवं देश के युवाओं के भविष्य के खिलाफ बताते हुए गहरा विरोध जताया है. परिषद का कहना है कि इस प्रकार के निर्णय से रेलवे की कार्यक्षमता प्रभावित होगी तथा कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ेगा.

परिषद की मांग है किरेलवे बोर्ड द्वारा पद समाप्त करने के प्रस्ताव को तत्काल वापस लिया जाए. रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित नियुक्तियां की जाएं. रेल कर्मचारियों के अधिकारों एवं श्रमिक हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए.इन्हीं मांगों को लेकर परिषद द्वारा रेलवे स्टेशन इटारसी स्थित लॉबी पर शांतिपूर्ण विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया. परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन पूर्णत: लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा है तथा प्रशासन से कर्मचारियों की जायज मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करने की अपेक्षा की गई है. इस अवसर पर परिषद के भोपाल मंडल प्रभारी जेबीएस त्रिपाठी, मंडल सचिव भरत पटेल,भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री योगेंद्र शर्मा ,उपाध्यक्ष उमेश पटेल, सौरभ पटेल, भीम यादव, बीएस माली आदि उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### प्रेक्षक ने मतदाता केंद्रों का किया निरीक्षण

**इटारसी, 23 मई .** स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार मप्र राज्य चुनाव आयोग के प्रेक्षक निसार अहमद निसार ने शनिवार को इटारसी तहसील के ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरी निकाय क्षेत्र में पहुंचकर मतदान केंद्र सहित मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया गया . इस दौरान प्रेक्षक अहमद के साथ एसडीएम निलेश कुमार शर्मा एवं तहसीलदार सुनीता साहनी निरीक्षण में मौजूद थीं . निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने इटारसी तहसील शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 30 एवं वार्ड क्रमांक 4 पुरानी इटारसी क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर चुनाव की तैयारी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया . मतदान केंद्रों एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया . मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य करने वाले कर्मचारियों के दल से मृत मतदाता के सूची से नाम हटाने एवं दूसरे शहरों से शहर में आकर निवास करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के साथ ही नई उम्र वाले युवा मतदाताओं को मतदाता पुनरीक्षण कार्य के माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए . प्रेक्षक निसार अहमद ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के द्वारा आगामी समय में होने वाले स्थानीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य एवं मतदान केंद्रों की व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है .

### आज आधे शहर में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**नर्मदापुरम, 23 मई .** शहर जोन 2 क्षेत्र के अंतर्गत नए 33 केवी लाइन का कार्य किया जाएगा . 8 फीडरों पर एक साथ काम होने से आधे शहर की बिजली सप्लाई सुबह 8 बजे से 11.30 बजे तक बंद रखी जाएगी . इस दौरान कलेक्ट्रेट फीडर के अंतर्गत कोर्ट परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, आरसीसी मॉल आदि क्षेत्र . हाउसिंग बोर्ड फीडर के अंतर्गत जिला जेल लाइन, कमिश्नर कॉलोनी, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, पटवारी कॉलोनी, माखननगर रोड, कालिका नगर, बैंक कॉलोनी में बिजली बंद रहेगी . इसके अलावा आईटीआई फीडर प्राना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, तवा कॉलोनी, महिला जेल के आसपास का एरिया, शांति नगर आदि प्रोफेसर कॉलोनी फीडर मीनाक्षी चौक, गिन्नी कंपाउंड, गल्ला मंडी, तिवारी कॉलोनी, नारायण नगर, फॉरेस्ट डिपो, साईनाथ एसटीडी, कोठी बाजार, होम गार्ड ऑफिस आदि क्षेत्र, मालाखेड़ी फीडर व्यंकटेस परिसर, माखनगर रोड, मंगलमय परिसर में बिजली सप्लाई नहीं होगी . इसी तरह डिवाईन सिटी, चकर रोड, सांई विहार कॉलोनी, रेशम केन्द्र, आजाद चौक, कलेक्टर बंगला, पांच बंगला आदि क्षेत्र, नर्मदा टाउन फीडर, सांई ईडन पार्क, मंगलमय विलास, कुलामढ़ी रोड, नर्मदा टाउन आदि क्षेत्र . सदर बाजार फीडर, आनंद नगर, नर्मदा विहार, एनव्ही कॉलेज के पास, गैरिज लाइन, सदर बाजार, बस स्टेंड, सिंधी कॉलोनी, सतरास्ता, अमर चौक आदि, सेठानीघाट फीडर, सेठानीघाट, एसपी आफिस के पास, मोरछली चौक, इतवारा बाजार, तार अहाता, एकता चौक, सराफा बाजर आदि क्षेत्र में कटौती रहेगी . विजली सप्लाई बंद के दौरान समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है .

# कथा सुनने से तर जाता है जीवन : पं . दुबे





**सुदामा चरित्र के साथ कथा का विश्राम**

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 23 मई.** द्वारकाधीश मंदिर में सेन परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पंडित सौरभ दुबे ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए. उन्होंने कहा कि जब-जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं. जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है, उसका जीवन तर जाता है.

कथा व्यास पंडित सौरभ दुबे ने कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया. पंडित दुबे ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्री कृष्ण ,सुदामा जी से समझ सकते हैं . उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे. द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा से पूछा आप कौन हैं. सुदामा में कहा मैं कृष्ण का मित्र हूं. द्वारपालों ने सुदामा का उपहास नहीं किया. सुदामा को प्रणाम किया. द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है. अपना नाम सुदामा बता रहा है. जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे. सामने सखा सुदामा को देखकर उन्होंने अपने सीने से लगा लिया. सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया. दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए. कृष्णजी ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया. उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया. कथा के मुख्य यजमान राजाराम सेन आशीष सेन समस्त सेन परिवार ने पुराण पूजन किया.

# जगन्नाथ मंदिर में कथा यज्ञ का आयोजन जारी

**अब तक 60 से अधिक कथाएं हुई**

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 23 मई. अखंड मंडलेश्वर धाम जगन्नाथ मंदिर डोंगरवाड़ा में पुरुषोत्तम मास के दौरान सत्यनारायण भगवान कथा महोत्सव यज्ञ जारी है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सत्यनारायण कथा करने यहां पहुंच रहे हैं.**

इस संबंध में मंदिर के ठाकुर राजा डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से, उसके बाद 11 बजे से और शाम को 4 बजे से कथाओं का आयोजन होता है. कथा करने से पूर्व श्रद्धालुओं को अपना पंजीयन करा लें तो किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी. कथा कराने वाले श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री मंदिर समिति द्वारा ही उपलब्ध कराई जा रही है.



उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम माह का विशेष महत्व होता है. इस माह में किए गए दान, पुण्य, धार्मिक कार्यों का अनंत गुणा फल प्राप्त होता है.इसी बात को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया जा रहा है. जो भी श्रद्धालु कथा का आयोजन करना चाहते हैं वे मंदिर समिति में 301/- रुपये जमा करवा कर अपना पंजीयन कराकर दिन और समय निश्चित करा सकते हैं.उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अपने घर से केवल भगवान का प्रसाद और चरणामृत बनाकर ही लाना होगा.

# इटारसी में आज निकलेगी साइकिल रैली

**फिट इंडिया मूवमेंट के तहत हो रहा है आयोजन**

**इटारसी, 23 मई. खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 24 मई को इटारसी में साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है. हॉकी इंडिया और हॉकी मप्र के निर्देशानुसार, हॉकी नर्मदापुरम इटारसी द्वारा इस 'संडे ऑन साइकिल' के विशेष 75वें संस्करण का यह आयोजन रविवा को सुबह 8 बजे गांधी प्रतिमा से प्रारंभ होगा.**

साइकिल रैली गांधी प्रतिमा से शुरू होकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भारत टॉकीज चौराहा, शीतला माता मंदिर, 8 वीं लाइन और सराफा बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचेगी. जयस्तंभ चौक से होते हुए रैली का समापन स्थानीय खेल मैदान पर किया जाएगा.हॉकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोक बहादुर द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है. हॉकी नर्मदापुरम के संरक्षक डॉ. अतुल सेठा, अध्यक्ष राजेन्द्र तोमर, सचिव साजिद मलिक, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, कोच कन्हैया गुरयानी ने खेल प्रेमियों और जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे कल सुबह ठीक 8 बजे अपनी साइकिल लेकर शामिल हों.

# पानी निकासी के लिए बनेगी पाइप क्रॉसिंग

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 23 मई. ग्राम पंचायत कुलामड़ी के ग्राम पथौड़ी में सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों द्वारा पानी निकासी की समस्या को लेकर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई थी. ग्रामीणों ने सड़क पर पाइप क्रॉसिंग बनाए जाने की मांग की थी, जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए.**



कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम रंजीत ताराम के नेतृत्व में प्रशासनिक दल ने मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों के साथ समस्या का निरीक्षण किया. निरीक्षण दल में बीपीओ रेवाशंकर लोवंशी, एडीईओ टीनम विश्वकर्मा, उपयंत्री प्रिया सूरमा, पटवारी देवेन्द्र जाटव, सहायक मानचित्रकार मोहन बानिया तथा सचिव किरण चौरे शामिल रहे. मौके पर चर्चा के बाद सड़क पर पाइप क्रॉसिंग डालकर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने की रणनीति बनाई गई, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति जताई.सीईओ रंजीत ताराम ने संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए.

प्रशासन द्वारा किए गए निराकरण पर शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त करते हुए पंचनामा तैयार कर शिकायत समाप्त करने पर सहमति प्रदान की.

# आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए शिविर 25-26 को

**हरदा, 23 मई.** आधार संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए मुख्य डाकघर हरदा में आधार सेवा केंद्र का संचालन किया जा रहा है. इस सुविधा के शुरू होने से अब नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने, मोबाइल नंबर अपडेट कराने, पता संशोधन एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है. 25 एवं 26 मई को विशेष आधार शिविर अभियान के तहत केंद्र पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आधार व अपडेशन कार्य किए जायेंगे. डाक विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे आधार संबंधी कार्य कराने के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लेकर केंद्र पर पहुंचे.

**शिविर** | **स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित**

# पुलिसकर्मियों को दिलाई नशामुक्त रहने की शपथ

**नवभारत न्यूज**

**हरदा,23 मई. पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों के मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार, पोषण संबंधी जागरूकता तथा नशामुक्ति के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवारों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और नशे से दूर रहने हेतु जागरूक करना था.**




शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों और अधिकारियों ने मानसिक तनाव प्रबंधन, संतुलित भोजन के महत्व, पारिवारिक सामंजस्य और नशे के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने सभी पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई.

काउंसलर डॉ.पारूल काशिव ने बताया कि 10 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों में मानसिक और व्यवहारिक परिवर्तन तेजी से होते हैं. ऐसे समय में माता-पिता को बच्चों के व्यवहार को समझते हुए धैर्य और संवाद के माध्यम से उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता होती है. डॉ. दीपक ठाकुर ने कहा कि पुलिसकर्मी लगातार दबावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं, जिससे मानसिक और शारीरिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है. डॉ. ठाकुर ने तनाव प्रबंधन के लिए अच्छी नींद, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और सकारात्मक सोच को आवश्यक बताया. सोशल वर्कर सुरेंद्र कौर ने जोर दिया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसकी कार्यक्षमता, और सामाजिक व्यवहार को भी प्रभावित करता है.

**जागरूकता कार्यक्रम आगे भी होंगे**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि तनाव-मुक्त और सकारात्मक वातावरण कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ पारिवारिक जीवन में भी खुशहाली लाता है . आरआई रजनीसिंह गुर्जर ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मानसिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके .कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा , रजनी गुर्जर , डॉ . दीपक ठाकुर, डॉ . गीतांजली परमार, डॉ . पारूल कासिव, सुरेंद्र कौर,आशीष साकल्ले विशेष रूप से उपस्थित रहे .

# शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 23 मई.** शिक्षा विभाग में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों व शिक्षकों ने विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने उन्हें ज्ञापन सौंप कर अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया. जिस पर विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजकर व्यावसायिक प्रशिक्षकों व शिक्षकों को सम्मानजनक वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की मांग की गई है.

पत्र में बताया कि मध्य प्रदेश राजपत्र 30 अप्रैल 2026 की अधिसूचना के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों व शिक्षकों को सरल क्रमांक 89 पर उच्च कुशल प्रवर्ग में सम्मिलित किया गया है. प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत विगत 10 वर्षों से कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षक, प्रदेश के कौशल विकास की नींव हैं. राजपत्र में उच्च कुशल श्रेणी में वर्गीकृत होने के उपरांत भी इन्हें आज दिनांक तक सम्मानजनक वेतन एवं सुविधाओं से वंचित रखा गया है. ज्ञापन में मांग की गई कि व्यावसायिक प्रशिक्षकों हेतु नवीन मासिक वेतनमान रु. 38,000/- से रु. 42,000/- के मध्य निर्धारित किया जाए तथा महंगाई दर के अनुसार प्रतिवर्ष न्यूनतम 05 प्रतिशत वेतन वृद्धि लागू की जाए. पदोन्नति नीति तैयार कर लागू की जाए. निरंतर अपडेट रहने हेतु विशेष तकनीकी भत्ता प्रदान किया जाए. ई.पी.एफ, ई.एस.आई. और सवैतनिक अवकाश की पूर्ण सुविधा सुनिश्चित की जाए. तकनीकी प्रशिक्षण के दौरान संभावित दुर्घटनाओं हेतु व्यापक बीमा कवर प्रदान किया जाये.